पीबीडी और जीआईएस के लिये इंदौर में होम-स्टे योजना

चर्चा में क्यों?

29 दिसंबर, 2022 को मध्य प्रदेश टूरिज़्म बोर्ड के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि मध्य प्रदेश टूरिज़्म बोर्ड ने इंदौर वासियों को अपने घर को होम-स्टे में बदल कर अतिरिक्त आय कमाने का सुनहरा दिया है, जिसके तहत प्रवासी भारतीय सम्मेलन और ग्लोबल इन्वेस्टर मीट के लिये इंदौर पहुँचने वाले अतिथियों के साथ पर्यटकों को भी होम-स्टे से आवासीय सुविधा प्रदान की जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि इसके लिये मध्य प्रदेश टूरिज़्म बोर्ड होम-स्टे पंजीयन के लिये 3 से 7 जनवरी 2023 तक विशेष अभियान शुरू कर रहा है। अभियान में पंजीयन कराने वाले इंदौर के स्थानीय रहवासियों के आवेदन का फास्ट ट्रेक मोड पर रजिस्ट्रेशन किया जाएगा।
- उन्होंने बताया कि प्रवासी भारतीय सम्मेलन और ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिये इंदौर पहुँचने वाले प्रवासी भारतीयों को प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं एवं खान-पान आदि का अनुभव प्रदान कराने, ठहरने के लिये स्वच्छ एवं किफायती स्थान उपलब्ध कराने और स्थानीय स्तर पर रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये होम-स्टे पंजीयन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।
- पर्यटन विभाग द्वारा पंजीकृत इकाइयों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। अतिथि आवास पूर्ण करने, इकाई में उपलब्ध सुविधाओं को बढ़ाने के लिये वित्तीय प्रोत्साहन भी प्रदान किया जाता है।
- इसके अलावा पंजीकृत इकाइयों को डिजिटल मार्केटिंग, प्राइसिंग, प्रमोशन के लिये तकनीकी सहायता, इकाई में कार्यरत मानव संसाधन की क्षमता वृद्धि, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ट्रेवल मार्ट एवं कार्य शालाओं में सहभागिता करने का अवसर प्रदान करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/home-stay-scheme-in-indore-for-pbd-and-gis